राज्य के पार्कों का होगा विकास

समीक्षा बैठक में पर्यावरण मंत्री ने दिया 1553.57 लाख रुपये की प्रस्तावित राशि से पार्कों के विकास का दिया निर्देश

पटना (एसएनबी)। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने जैव विविधता पार्क, वनस्पति उद्यान, मानसरोवर झील, सिलौंजा पार्क इत्यादि के विकास के संबंध में प्रस्तुतीकरण के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। इको पर्यटन एवं पार्क का विकास योजनान्तर्गत 15 वन प्रमण्डल अंतर्गत कुल 20 योजनाओं का प्रस्तुतीकरण संबंधित वन प्रमण्डल पदाधिकारियों द्वारा किया गया। बैठक में वन प्रमण्डल, बांका अंतर्गत मंदार वनस्पति उद्यान का विकास के लिए 2197.12 लाख रुपये के योजना की समीक्षा कर चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1553.57 लाख रुपये की राशि से पार्कों का विकास कार्य कराने के लिए प्रस्ताव समर्पित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही मंदार जैव विविधता पार्क के विकास के लिए 299.82 लाख रुपये की प्रस्तावित योजना के तहत चालू वित्तीय वर्ष में 1587.87 लाख रुपए की राशि से कार्य कराने के लिए प्रस्ताव समर्पित करने का निर्देश दिया गया।

वन प्रमण्डल, पूर्णिया के अंतर्गत गोगा बील झील एवं अभ्यारण, मणिहारी, कटिहार का विकास कार्य हेतु कुल 204182 लाख रूपये के योजना की समीक्षा की गयी एवं समीक्षोपरांत चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में 400.00 लाख रुपए की राशि से पार्कों के विकास कार्य कराने हेतु प्रस्ताव समर्पित करने का निदेश दिया गया। वन प्रमण्डल, भागलपुर अंतर्गत जयप्रकाश उद्यान का पुर्नविकास कार्य हेतु कुल 2103.34 लाख रुपए के योजना की समीक्षा की गयी एवं समीक्षोपरांत चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में 2103.34 लाख रुपए की राशि से पार्कों का पुर्नविकास कार्य कराने हेतु प्रस्ताव समर्पित करने का निदेश दिया गया। वन प्रमण्डल, सुपौल अंतर्गत मानसरोवर झील पार्क वीरपुर का विकास हेतु कुल 262.36 लाख रुपए के योजना की समीक्षा की गयी एवं समीक्षोपरांत चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में 262.36 लाख रुपए की राशि से पार्कों के विकास कार्य कराने हेतु प्रस्ताव समर्पित करने का निदेश दिया गया। वन प्रमण्डल, जमुई अंतर्गत झाझा में नकटी ईको पर्यटन का विकास हेतु कुल 307.02 लाख रुपए के योजना की समीक्षा की गयी एवं समीक्षोपरांत चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में 131.87 लाख रुपए की राशि से पार्कों के विकास कार्य कराने हेतु प्रस्ताव समर्पित करने का निदेश दिया गया।